# लखनऊ में सेहत के स्टार्टअप्स के लिए खुला मेडटेक सेंटर

लखनऊ। बढ़ती आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं अभी भी चुनौती हैं। ऐसे में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) ने 'मेडटेक सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप' के जरिये स्वास्थ्य तकनीक के क्षेत्र में इनोवेशन को और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की पहल की है। मेडटेक सेंटर लखनऊ में स्थापित किया गया है। इसे प्रदेश सरकार के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, एसजीपीजीआई लखनऊ, एसोसिएशन ऑफ मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री और आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन ने सहयोग दिया है। यह केंद्र स्टार्टअप्स को आधुनिक तकनीक और मेडिकल लैब, विशेषज्ञ डॉक्टरों का मार्गदर्शन, सरकारी नियमों की जानकारी, बिजनेस सलाह, निवेश व फंडिंग तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराता है। यहां पर स्टार्टअप्स को मेडिकल संबंधित समाधान का मौका मिलता है। इसके जरिये टेलीमेडिसिन, एआई आधारित समाधान प्रणाली, सस्ती पोर्टेबल जांच मशीनें और नॉन-इनवेसिव तकनीक गांव-गांव तक पहुंचाई जा सकती हैं। डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, स्मार्ट घड़ियां और मोबाइल एप्स भी इसी की देन हैं। (ब्यूरो)

## 53 स्टार्टअप जुड़े

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के मेडटेक सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप से अब तक 53 स्टार्टअप जुड़ चुके हैं, जिनमें से 10 स्टार्टअप्स को 3.38 करोड़ की बाहरी फंडिंग भी मिल चुकी है। अफिकस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से विकसित की 'मेधिनी' दुनिया की पहली जनरेटिव एआई आधारित सॉफ्टवेयर मेडिकल डिवाइस है, जो 12 से अधिक देशों में अपनी सेवाएं दे रही है। डेक्ट्रोसल हेल्थकेयर ने फेफड़ों की बीमारियों के निदान के लिए सस्ती एआई तकनीक तैयार की है।